>

Title: Need to address the problem of people suffering from various diseases due to consumption of water contaminated with fluoride in Kota Parliamentary constitutency, Rajasthan.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा में अनेक ऐसे गांव हैं जहां पर फ्लोराईडयुक्त पानी के पीने से कई लोगों को बीमारी लग गई है, इन बीमार व्यक्तियों के शरीर की हड्डियों पर खतरनाक प्रभाव पड़ रहा है एवं जो छोटे-छोटे बच्चे हैं उनका शरीर पूरी तरह से विकसित नहीं हो पा रहा है। कोटा संसदीय क्षेत्र में जहां पर फ्लोराईडयुक्त पानी का सेवन करने के लिए मजबूर हैं, उन जगहों का पता लगाकर समाधान तुंत किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ियां इससे प्रभावित न हो सके। ऐसे गांव में शुद्ध जल के लिए जो योजनाएं चल रही है उनको अच्छे प्रभाव डालने के लिए क्रियान्वित किया जाए।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा में फ्लोराईडयुक्त पानी के प्रभाव से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है उसका तुंत समाधान किया जाए।